दिनांक 25.09.2023 स्वच्छ एवं संुदर भिलाई

इंडियन स्वच्छता लीग में सफाई के प्रति जागरूकता अभियान

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का आयोजन चलाया जा रहा है। इंडियन स्वच्छता लीग महापौर नीरज पाल द्वारा 16 सितंबर 2 अक्टूबर तक चलने वाले पखवाड़ा की शुरूआत किए इसके बाद विभिन्न आयोजनों के माध्यम से शहर में स्वच्छता के प्रति जागरूकता को लेकर महाअभियान चलाया जा रहा है। निगम के स्वास्थ्य विभाग का अमला गली मोहल्लों में रैली निकाल रहे है तो कहीं तो कहीं जनभागीदारी से चौक चौराहों की सफाई करा रहे है। कचरा पृथकीकरण एवं प्रतिबंधित प्लास्टिक को बंद कराने सफाई कर्मी घर घर पहुंचकर जागरूक कर रहे है , साथ ही साथ शहर की सफाई व्यवस्था में जुटे सफाईकर्मियों के हित का ध्यान रखते हुए सफाई मित्र सुरक्षा शिविर भी आयोजित कर रहे है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत निगम क्षेत्र के अलग अलग क्षेत्रों में प्रतिदिन गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में शहर के मुख्य चौक चौराहो एवं स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमा का जनभागीदारी से सफाई कराना , जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों के साथ श्रमदान कराते हुए सार्वजनिक स्थानों की सफाई , व्यवसायिक क्षेत्रों में अनिवार्य रूप से गीले एवं सूखे कचरे को अलग अलग रखने अनिवार्य रूप से डस्टबिन रखने, प्रतिबंधित प्लास्टिक के दुष्प्रभाव को बताते हुए उसके उपयोग नहीं करने रैली निकालकर अपील करना, तालाबों की सफाई , गली मोहल्लों में नुक्कड़ नाटक का आयोजन करते हुए घर से निकलने वाले कचरे का व्यवस्थित रखने और आस पास स्वच्छता बनाए रखने को लेकर नागरिकों को जागरूक कर रहे है , ताकि हमारा भिलाई स्वच्छ और सुंदर रहे।